**श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया:** उपसभापति महोदया, बात यहीं तक नहीं है। आपने पाकिस्तानी सीरियल देखे होंगे, टी०वी० के सीरियल देखे होंगे या पाकिस्तानी फिल्में देखी होंगी। उसमें पूरे पाकिस्तान का जो मेन धन है हेरोइन का है, नारकोटिक्स का है और वह सारी नारकोटिक्स की सप्लाई यह जो डिस्टर्ब्ड एरिया है उसके माध्यम से होती है। यह सारी की सारी स्मगलिंग कश्मीर के बार्डर से या पंजाब के बार्डर से होती है। आप 1979 के बाद से देखिए, पंजाब में आग लगी और पंजाब में गड़बड़ीयां शुरू हुई क्योंकि पहले नारकोटिक्स स्मगलिंग जो थी वह विदेशों में, यूरोपियन मुल्कों में अफगानिस्तान के रास्ते से होती थी किंतु जब दिसंबर, 1979 में अफगानिस्तान में रशियन फोर्सेज आ गई तो उसके बाद यह सारी की सारी स्मगलिंग हमारे भारत के रास्ते, पंजाब के रास्ते और कश्मीर के रास्ते शुरू हुई और सारी गड़बड़ उसी वक्त से है। उसी वक्त से देखिए किस तरह से इन्होंने मकबूल बट के लिए झगड़ा खड़ा कर दिया, किस तरह से इन्होंने अपने राजेन्द्र मोहन मात्रे को किडनैप किया और किस तरह से जे०के०एल०एफ० एकदम उभरकर सामने आ गया। यह कहां एक्टिव हुआ? यह पाकिस्तान में उस समय एक्टिव नहीं था। यह लंदन में एक्टिव था और फिर वहां से आकर पाकिस्तान में हैडक्वार्टर बना लिया। अब रोज के रोज वहां से ये बयान देकर कहते हैं कि हम आपका बार्डर क्रास करके हिंदुस्तान में मार्च करेंगे और जम्मू-कश्मीर को पाकिस्तान में मिला लेंगे। अगर किसी के मार्च करने से यह मिल जाता तब तो बात ही खत्म हो गई थी। पर इस तरह से उनको समर्थन क्यों मिल रहा है? पाकिस्तान तो समर्थन देता है पर हमारे भारत के अंदर जो लोग हैं, वे उनके समर्थक क्यों बन जाते हैं?

बदल जाते हैं क्योंकि उन पर अन्यथा अत्याचार किया जाता है, उनको गलतफहमी में जेलों में डाला जा सकता है। उनके सुधार के लिए आज तक किसी प्रकार का प्रबंध नहीं किया गया है चाहे वह पंजाब का आंतकवादी हो, चाहे असम का हो चाहे जम्मू काश्मीर का हो। आज तक किसी भी सरकार ने जो आंतकवादी पकड़े जाते हैं उनको रिफार्म करने के लिए कोई सैल नहीं बनाया। उनका ब्रेन वॉश करने के लिए उनको मुख्य धारा में लाने के लिए कोई सैल होम मिनिस्ट्री ने नहीं बनाया। इनमें पैट्रियाटिज्म की भावना लाने के लिए नेशनलिज्म की भावना लाने के लिए कोई शिक्षा नहीं दी गई। मेरे ख्याल से ऐसी कोई शिक्षा उनको नहीं दी जाती है...

**(व्यवधान)**

उपसभापति महोदया, मेरी मांग यह है कि इस तरह के लोगों के लिए रिफार्म सेंटर बनने चाहिए जहां ऐसे लोगों को जिनको टाडा के अंतर्गत पकड़ा जाता है, उनको रिफार्म करने की कोशिश की जानी चाहिए। जो

हार्ड और टैरोरिस्ट हैं उनको सॉफ्ट कोर बनाया जा सकता है और जो सॉफ्ट कोर हैं उनको नेशनलिस्ट बनाया जा सकता है। हम तो साफ्ट कोर को जेलों में डालकर हार्ड कोर बना देते हैं और बाहर निकलने पर वह हार्ड कोर बन जाते हैं, आतंकवादी बन जाते हैं। महोदया, किसी फ्रांसीसी फिलासफर ने कहा है कि किसी देश को अगर गुलाम बनाना हो तो उसके लिए सबसे बड़ी चीज यह है कि उस देश की राष्ट्रीय आय को खत्म कर दो। उसकी राष्ट्रीय आय का जो रास्ता है वह बंद कर दो। दूसरे, उसकी राष्ट्रीय भावना खत्म कर दो। लोगों में दिलों में राषटरीय भावना जो है उसे समाप्त कर दो। ये तीनों चीजें हमारे मुल्क में चल रही हैं। काश्मीर में हमें बहुत सा विदेशी धन, फारेन ऐक्सचेंज आता था टूरिस्टों के माध्यम से। लेकिन जो गड़बड़ी फैली है उसके कारण हमारे फारेन ऐक्सचेंज की जो इनकम थी वह खत्म हो गई। देश की राष्ट्रीय भावना जो उनके दिलों मे थी वह दिन पर दिन खत्म होती जा रही है। कौन आदमी आइ०एस०आइ०, के०जी०बी० या सी०आइ०ए० के लिए काम कर रहा है वह पता नहीं चलता। अपने ही लोगों में वह राष्ट्रीयता की भावना खत्म हो गई है जिसे वापस लाने के लिए कोई प्रोग्राम नहीं दिया है। जब तक हरेक भारतीय के मन में राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय भावना और राष्ट्रीय व्यवस्था नहीं जागती है तब तक वह प्रावलम खत्म नहीं हो सकती। राष्ट्रीयता बी०जे०पी० की पैत्रिक संपत्ति नहीं है। इसके लिए जरूरी है कि इन चीजों के लिए हम एक कार्यक्रम बनाएं। ऐसे ऐप्रोप्रियेशन बिल यहां आते रहेंगे और हम पास करते रहेंगे परन्तु यह सारा सरकारी पैसा कहां जा रहा है? जो पब्लिक मैन हैं, सैक्युरिटी लेकर चलते हैं उन पर यह पैसा खर्च हो रहा है। इस पैसे से किसी को रोजी या रोटी देने का बंदोबस्त नहीं हो सकता है। मैं चाहता हूं कि सरकार इसका हल ढूंढना चाहती है तो सबसे पहले यह जरूरी है कि वहां पर लोकल बाडीज़ के चुनाव हों, पंचायत के चुनाव कराएं। गांव के आदमी को मुख्य धारा में लाने का प्रयास किया जाए। वहां के आदमी के लिए फैसला दिल्ली में बैठकर किया जाता है। वहां पर भेड़-बकरियों के लिए वैटरनरी हास्पिटल की जरूरत है तो यहां एयर कंडीशंड कमरों में बैठकर उनको मैंटल हास्पिटल दिया जाता है। वहां पर लोगों को कारपेट के ऐक्सपोर्ट के लिए सुविधाओं की जरूरत है, टैलेक्स या फैक्स की जरूरत है तो उनको कुछ और भेजा जाता है। हमें वहां पर इनफ्रा-स्ट्रक्चर बनाने की जरूरत है जिससे वहां के लोगों की सुविधाएं बढ़ें। लोकल बाडीज़ का वहां पर इनवाल्वमेंट हो। वह तभी होगा जब वहां पर पंचायतों के, या लोकल बाडीज के चुनाव आप कराएं और लोगों में विश्वास की भावना पैदा करें। और साथ ही साथ जो वहां पर बी०जे०पी० ने लोगों में पियर साइकोसिस पैदा किया है, गरीब लोगों को पैसा देकर वहां से भगवाकर दिल्ली में कैंप लगवा दिए और माइग्रेंटेड कहकर उनके लिए कैंप लगवा दिए, उनको माइग्रेट होने से रोकना है।

महोदया, इन्होंने जो कैंप लगवाए है, रोमेश भंडारी जी ने सर्वे कराया था। उसमें देखा गया था कि 70 फीसदी लोग जो माइग्रेंट के नाम से दिल्ली में कैंपों में रह रहे थे वह झूठे नाम थे।

इन चीजों की जांच होने की जरूरत है। ऐसी पार्टियों को, ऐसे दलों और ऐसे लोगों को बेनाकाब करने की जरूरत है जो हमारे राष्ट्रीय विश्वास और राष्ट्रीय आस्था के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। इन शब्दों के साथ मैं इन विधेयकों का समर्थन करता हूं।

DR. NAGEN SAIKIA (Assam): Madam Deputy Chairman, the Budget of Jammu and Kashmir has been placed and it is being discussed. We will have to approve the Budget. There is no doubt about it. It is good that the Government has taken a decision to have the Budget only for the coming six months, taking into consideration that elections would be held in the Valley. a popular Government would be installed, and that Government would prepare the full Budget.

Madam, before we proceed to hold elections in the Valley, I think the whole nation should think over the problem of Kashmir very seriously. It is not a new problem. It is an old one. We, Indians, cannot imagine the map of India without Kashmir therein. Culturally, linguistically and geographically, Kashmir is an integral part of India. But politically, the Kashmiris are demanding an Azad Kashmir', an independent Kashmir. In this regard, we all know the role of our neighbour, Pakistan, which is imparting training to the Kashmiri militants there. It has been helping in the subversive activities in the Valley. Pakistan has succeeded in creating an atmosphere there, which is not congenial to hold elections at this time.

We all talk of the Simla agreement, which was signed by the late Mr. Bhutto and Mr.-,. Indira Gandhi. All of us think that the Simla Agreement should be the basis to find a solution to the Kashmir problem. Madam, a few days ago, I, along with a top journalist and an ex-Indian High Commissioner in London, Mr. Kuldip Nayar, and our colleage,' Mr. Raj Mohan Gandhi, went to Srinagar, to feel the situation, to gauge the mind of

|Dr. Nagcn Saikia) the people there. We were surprised. We felt that the alienation was going to be complete. We met renowned jurists, doctors, retired civil servants and teachers. We were horrified to find that the whole intellectual community was not in favour of India. I do not say they are pro-Pakistan, but they have been becoming anti-India. This is a point which we should view very seriously. I think, till today, the Government of India could not establish contact with the brain-trust of the militants. It should be the first and foremost duty of the Government to establish contact with the brain-trust of the militants. Otherwise, all our activities would have no meaning at all.

Moreover, when we talk of the Simla Agreement, we found that the Kashmiris were not agreeable on this point also.

They think that Kashmir problem should not be discussed and finalised by Pakistan and India alone. The representatives of the Kashmiris should also be there. They should be taken into confidence. Only then the Government of India should have arrived at a solution.

Madam, in Srinagar itself the atmosphere is quite cold and dull. The whole city is full of bunkers. At a distance of few yards you find that the bunkers are there. At the top of the buildings, at the gates of the buildings, everywhere there are bunkers, and military and paramilitary forces with their weapons arc there. They arc occupying the whole city. It appeared as if it was an occupied area of some foreign country. That signal is not a positive one. I came to know that their number was about 4 lakh, more than the population of the Srinagar city itself. By clamping black laws, the people of Kashmir have been alienated. It was complained that about 62 people were missing from the army and police custody, about 46 were tortured or killed and we saw that hundreds of relatives of the detainees were standing just by the side of the interrogation gate for days together to meet their children. It was a very pathetic scene that was there.

Madam, I think the decision to send all the Hindus, most of the Hindu Pandits, from Kashmir to Jammu was not a right decision. It has rather complicated the whole issue. No doubt, a great number of these Hindu Pandits were to face some Problems, but by sending them to Jammu, we have only alienated the Kashmiris from the mainstream. I do not know how to mend, repair this problem.

Madam, in Kashmir the Government has failed to carry the people with them. Alienation is found to be complete. Everywhere we saw, high security was there. Even in the hotel where we stayed, we were surprised to see that it was deserted by the civilians. Rather there were some military and paramilitary froces and it was felt, as if, it was a war headquarter, abandoned by the civilians only inherited and occupied by the military and paramilitary forces. It is not a good sign at all.

Therefore, a question comes to my mind whether we can hold elections in Jammu and Kashmir at this moment. For that, I think, the first and foremost thing would be to create confidence in the minds of the people of Kashmir that India is very much serious about the interest of the Kashmiris.

2.00 P.M.

We will have to remove the grievances that they have against the Government of India. The Government of India will have to take some positive steps in this regard. It should not be taken as a mere law-and-order situation. The army should not be used in this way. I have always been speaking in this House that by deploying the army no problem could be solved in this country. This is a political problem, and it will have to be solved politically.

Madam, to create a congenial atmosphere, the black laws will have to be suspended, withdrawn. Moreover, some positive steps will have to be taken. The Government will have to create job opportunities for the people, job opportunities for the youth. There are thousands and thousands of educated unemployed youth there. We should absorb those people according to their merits and qualifications.

Moreover, there is a complaint, a genuine greivance that during the last four decades no industrial development took place in that part of the country. The communication in that part also is

very bad. Wc have not taken any measures to develop that part of our country industrially or otherwise.

So, 1 think that the Government should take some appropriate measures immediately to gauge the mood of the people, the mood of the majority of the people whether it would be congenial to hold elections at this time or not.

Moreover, I would like to tell the Congress (I) also: Please don't try to insta! a government of your own there. Leave it to the Kashmiris. Let them have their own government. Only by that way can we, I think, take the Kashmiris back into the mainstream of the country.

With these words, I support the Budget. Thank you.

**उपसभापति:** श्री राघवजी।

**श्री राम अवधेश सिंह** (बिहार): मैडम,...

**उपसभापति:** नहीं नहीं, उनको चेयर पर आना है इसलिए उनको पहले बुला लिया। आपका टाइम अभी नहीं आया है। अभी बीच में बहुत लोग हैं। उनको यहां बैठना था, इसलिए पहले बुला लिया। श्री राघवजी **(व्यवधान)** अभी नहीं। उनको यहां बैठना था, चेयर पर, इसलिये उनको बीच में बुला लिया।

**श्री राघवजी** (मध्य प्रदेश): उपसभापति महोदया, जम्मू और कश्मीर विनियोग (लेखानुदान) विधेयक, 1992 और जम्मू और कश्मीर विनियोग विधेयक, 1992 पर यहां चर्चा हो रही है। यह सदन की विवशता है कि इन दोनों विधेयकों को पास किया जाये। लेकिन उपसभापति महोदया, जम्मू और कश्मीर में जो हालात हैं, उनके ऊपर जरूर विचार होना चाहिए। कश्मीर जिसका इतिहास गौरवपूर्ण रहा है, जो देश का नंदनवन है, कश्मीर भारत का मुकुटमणि है, जिस कश्मीर में अमरनाथ धाम है, आज उस कश्मीर की स्थिति क्या है? जहां किसी समय में, जिस कश्मीर की वादियों में किसी समय नवयुगलों की खिलखिलाहट तरंगित होती थी। उन वादियों में आज बंदूकों की आवाजें गुंजित हो रही हैं। जहां पर कभी लाखों सैलानी, देश और विदेश के, निश्चिंत होकर यात्रा करते थे, प्रवास करते थे, पर्यटन करते थे, आज वह सुनसान है, वीरान है। जो कभी रमण्य था आज वह अरण्य हो गया है और जो स्वर्ग था आज उसको हम क्या कहें? कश्मीर की यह स्थिति **[उपसभाध्यक्ष (डा॰ नेगन सैकिया) पीठासीन हुए]** क्यों हुई? यह कितनी बड़ी बिडम्बना है कि किसी एक सम्प्रदाय विशेष के 90 प्रतिशत लोगों को उस राज्य से खदेड़ दिया जाय, उनको विवश किया जाय कि वे दूसरे राज्यों में अपना घरबार छोड़कर जाकर बसें, हजारों का कत्लेआम हो जाय और वह सिर्फ इसलिये वे किसी एक सम्प्रदाय को मानते हैं। उनके पूजास्थलों को तहस-नहस कर दिया गया है। आज उनको विवश होकर अपने घरों को छोड़कर बाहर रहना पड रहा है।

उपसभाध्यक्ष महोदय, कश्मीर में जो स्थितियां हैं वह केवल कश्मीर के लोगों के लिये ही चिंता की बात नहीं है बल्कि पूरे भारतवर्ष के लिये चिंता की बात है। यह पूरा देश एक राष्ट्र है इसलिये इस राष्ट्र के हर नागरिक को इससे चिंता होनी चाहिये। अगर इस राष्ट्र के एक कण के ऊपर भी कहीं कुछ आपत्ति आती है, इसकी एक इंच जमीन पर भी आपत्ति आती है तो देश के एक एक नागरिक को इसके लिये खड़े होने की आवश्यकता है। इसीलिए यह पूरे देश के लिए चिन्ता का विषय है। अगर हमारे सीमा प्रदेश में इस तरह के हालात होते रहे और वहां पर खुलेआम यह धमकियां दी जाएं कि है कोई ऐसा जिसने अपनी मां का दूध पिया हो वह आ कर लाल चौक पर झण्डा फहरा जाए। होना तो यह चाहिये था कि देश के प्रधानमंत्री इस धमकी को स्वीकार करते या देश के गृह मंत्री इस धमकी को स्वीकार करते और लाल चौक पर झण्डा फहराते लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि उन्होंने यह साहस नहीं दिखाया। जब सत्ता में बैठे हुए लोग साहस नहीं दिखाते हैं तो क्या इससे देश के आम नागरिकों का मनोबल नहीं गिरता है? इसलिए जोशी जी का स्वागत किया जाना चाहिये जिन्होंने साहस दिखाया, विपक्ष में होते हुए भी साहस दिखाया। हिन्दुस्तान में कम से कम एक राजनीतिक पार्टी तो ऐसी है जो केवल कुर्सी की चिन्ता नहीं करती है। इस देश के सम्मान और स्वाभिमान के साथ खिलवाड़ हो तो अपने प्राणों को अर्पण करने के लिए जिस पार्टी का नेतृत्व तैयार रहे, वह पार्टी धन्य है। उस पार्टी के लिए पूरे देश को नाज़ करना चाहिये। डा॰ मुरली मनोहर जोशी केवल उस लाल चौक पर राष्ट्रीय झण्डा फहर जाए केवल इतना मात्र उद्देश्य उनके साथ नहीं था, देश में जनजागरण होना चाहिये, कश्मीर में क्या हालात हैं यह पूरे देशवासियों को मालूम होना चाहिये। अभी मेरे मित्र कह रहे थे कि वह चाहते तो दिल्ली से उड़ कर चले जाते, जम्मू मेल में बैठ कर चले जाते। वह जा सकते थे यह कोई बड़ी बात नहीं है। लेकिन मैं अपने मित्रों का ध्यान 1962 की ओर दिलाना चाहता हूं। जब चीन ने इस देश पर आक्रमण किया था तब केवल चीन की सीमा पर ही जनजागरण नहीं हुआ था, हिन्दुस्तान के कोने-कोने में, गांव-गांव में और कस्बे-कस्बे में वीरतापूर्ण कवि सम्मेलनों का आयोजन हुआ था। उसमें सारे राष्ट्रीय नेताओं ने भाग लिया, हर पार्टी के नेता उसमें लग गए थे। क्यों कन्या कुमारी के लोग भी उस समय लगे थे, क्यों कच्छ के लोग भी लगे थे, क्योंकि जनजागरण हो रहा था। कन्या कुमारी से ले कर यात्रा करने का यही

[श्री राघवजी]

उद्देश्य था कि पूरे देश में जनजागरण होना चाहिये। राष्ट्र का स्वाभिमान और अस्मिता खतरे में है, इस बात की देशवासियों को जानकारी होनी चाहिये, अहलुवालिया जी को भी होनी चाहिये और डाक्टर साहब को भी इस बात का अहसास होना चाहिये इसीलिए ऐसे प्रयास स्तुत्य हैं। इतिहास में ऐसा होते रहना चाहिये। इतिहास उनको याद करेगा जिन्होंने अपने प्राणों की परवाह किये बिना कश्मीर जा कर झण्डा फहराने का साहस किया। समस्या का यही हल है। उपसभाध्यक्ष महोदय, उस बात को याद दिलाना चाहता हूं जब इस देश के एक प्रदेश में दो झण्डे लहराते थे, दो विधान हुआ करते थे, दो सदरे रियासत हुआ करते थे। तब डा० श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने स्वयं का बलिदान कर के इस विकृति को दूर किया और कश्मीर को बचाया। उपसभाध्यक्ष महोदय, आज कश्मीर की जो स्थिति है वह हम सब के लिए चिन्ता का विषय है। उसके लिए जो प्रयास किये गये हैं, भले ही राजनीतिक दलों ने भी किये होंगे उनको सरकार फालोअप करे। चेतना केवल पूरे राष्ट्र में न हो बल्कि कश्मीर में जा कर करे। आज आवश्यकता इस बात की है कि जम्मू से फिर लाखों लोग पैदल चलें, प्रधानमंत्री सब से आगे झण्डा ले कर के चलें और विश्वास पैदा करें तब यह स्थिति सुधर सकती है। क्या यह विडम्बना नहीं है कि पाकिस्तान पर हमारे देश के प्रधानमंत्री यह आरोप लगाते हैं कि पाकिस्तान हस्तक्षेप कर रहा है। हमारे गृह मंत्री यह कहें कि हम सुरक्षा नहीं कर सकते हैं, यह विडम्बना नहीं है तो और क्या है? हमारे देश के टुकड़े नहीं हो रहे हैं? एक तिहाई हमारे कश्मीर का हिस्सा विदेश में चला गया और विदेश के लोग उस पर कब्ज़ा कर के बैठे हुए हैं, वहां पर ट्रेनिंग कैम्प लगाए जा रहे हैं। क्या हम उनके इन कैम्पों को तहस-नहस नहीं कर सकते। हम उनके कैम्पों को तहस-नहस कर डालें। पाकिस्तान का हस्तक्षेप रुकना चाहिये। पाकिस्तान से लगी हुई सीमा पर पूरी सुरक्षा होनी चाहिये। वहां के नवयुवकों को पाकिस्तान के संपर्क में आने से रोका जाना चाहिये। जिस तरह से उन युवकों को वह भड़का रहा है, उसे रोका जाना चाहिये। उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं इस बात की ओर ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि यह जो पूरक मांगों का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है उसमें 324.19 करोड़ रुपये का यह पूरक मांगों का प्रस्ताव है जो लगभग 25 प्रतिशत बैठता है। इतना बड़ा गैप होना ठीक नहीं है। जो अनुमान दिये गये हैं उससे 25 प्रतिशत ज्यादा खर्च हो रहा है। अनुमानों की स्थिति क्या है। मैं संक्षेप में उसकी ओर ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। आवास और शहरी विकास के पूंजीगत व्यय के ऊपर पूर्व अनुमान 17.95 करोड़ रुपये था इसमें और मांगे जा रहे हैं 45.56 करोड़, पी०एच०ई०डी० रेवेन्यू में 61.41 करोड़ का अनुमान था, 17.21 करोड़ और मांगे जा रहे हैं। इसके पूंजीगत व्यय में 34.50 करोड़ का अनुमान था, 8.12 करोड़ और मांगे जा रहे हैं, स्वास्थ्य में 84.85 करोड़ का अनुमान था 12.11 करोड़ और मांगे जा रहे हैं। पूंजीगत में आश्चर्य करेंगे कि 1.43 करोड़ का अनुमान था जिसके अगेंस्ट में 13.67 करोड़ और मांगे जा रहे हैं। कृषि में 40.98 करोड़ का अनुमान था 28.07 करोड़ और मांगे जा रहे हैं। 60-70 परसेंट की वृद्धि है। फाइनेंस में 288.14 करोड़ का अनुमान था, इसमें 105.55 करोड़ और मांगे जा रहे हैं। इसी प्रकार से गृह में 199.53 करोड़ था इसमें 20.83 करोड़ और मांगे जा रहे हैं। इस प्रकार से 218.28 करोड़ और 105.55 करोड़ मिलाकर कुछ 324 करोड़ की सप्लीमेंट्री मांगे हैं। मैं अपने वित्त मंत्री जी से जरूर निवेदन करना चाहता हूं कि इस्टीमेटों में इतना बड़ा गैप जो है इसकी जांच अवश्य होनी चाहिये कि ऐसा क्यों हुआ। इसमें अपव्यय या भ्रष्टाचार जो हुआ है इसकी जांच हो और काश्मीर की सीमाएं सुरक्षित की जाएं। काश्मीर में ऐसा वातावरण निर्मित किया जाए जिससे कि काश्मीरी विस्थापित लोग काश्मीर में पुनः जाकर बस सकें, जिससे लाखों देशी और विदेशी पर्यटक काश्मीर में जाकर पर्यटन की दृष्टि से जितने दिन चाहें बिता सकें। ऐसा वातावरण निर्मित हो इस बात के लिए मैं शासन से अनुरोध करता हूं, आग्रह करता हूं। धन्यवाद

THE VICE-CHAIRMAN (DR. NAGEN SAIKIA): Dr. Ratnakar Pandey, you shall have to complete within ten minutes.

**डा० रत्नाकर पाण्डेय:** माननीय उपसभाध्यक्ष जी, जम्मू काश्मीर विनियोग विधेयक 1992 के लिए 324 करोड़ 19 लाख 59 हजार की अनुपूरक मांगें वित्त मंत्री जी ने रखी हैं। जम्मू काश्मीर की संचित निधि में से इन धनराशियों के विनियोग का उपबंध करने के लिए जो अनुपूरक व्यय के लिए आवश्यक मांगें हैं मैं उन मांगों के समर्थन के लिए खड़ा हूं।

महोदय, जम्मू और काश्मीर हमारे देश का अविभाज्य हिस्सा है। इस पर दुनिया की निगाहें लगी हुई हैं। सुपर पावर के अधिकृत राष्ट्र के रूप में हमारे इस महत्वपूर्ण प्रदेश — काश्मीर की वादियों में जहां प्रकृति अपना समस्त विस्तार किये हुए है, वहां फल फूल के अलावा ज्ञान और विश्वास का एक वातावरण बना हुआ है — को पाकिस्तान चाहता है कि नष्ट भ्रष्ट कर दिया जाए। काश्मीर का क्षेत्रफल 2,22,237 वर्ग किलोमीटर है। इसमें से पाकिस्तान ने 78,114 वर्ग किलोमीटर और चीन ने 37,555 वर्ग किलोमीटर अर्थात् कुल मिलाकर हमारी काफी जमीन हड़प ली है। 1947 के पहले की स्थिति की मैं बात कर रहा हूं। 1947 के बाद आज 77 लाख 18 हजार 7 सौ लोग पिछली जनगणना के अनुसार वहां हैं। जनसंख्या का घनत्व 76 व्यक्ति प्रति

वर्ग किलोमीटर है। 27 प्रतिशत लोग साक्षर हैं। 1981 के आंकड़ों के अनुसार और 4 लाख 97 हजार अनुसूचित जनजाति के लोग रहते हैं। गरीबी की रेखा से नीचे रहने वाले लोग कुल 31 प्रतिशत हैं, जिनमें 16 प्रतिशत से कुछ अधिक ग्रामीण क्षेत्रों में और 15 प्रतिशत से अधिक शहरी क्षेत्रों में हैं। उर्दू, हिन्दी, काश्मीरी, डोगरी, बाल्टी, लद्दाखी और पंजाबी भाषा वहां बोली जाती है। विधान सभा की कुल 76 सीटें हैं, लोक सभा के लिए 6 लोग आते हैं, 14 जिले हैं। जहां का कुल खाद्यान्न उतपादन 13 लाख 10 हजार टन होता है। कुल संचित भूमि 3 लाख 9 हजार हैक्टेयर की है। काश्मीर भारत का अविभाज्य अंग है और राष्ट्र संघ में भी कई बार इस मामले को उठाने की कोशिश की गई और पिछले दिनों राष्ट्र संघ के सचिव ने कहा था कि काश्मीर का मामला भारत का आंतरिक मामला है और इसे राष्ट्र संघ में नहीं उठाया जा सकता। काश्मीर को तीन हिस्सों में देखा जा रहा है। एक तो पाकिस्तान अधिग्रहीत काश्मीर, दूसरा कुछ लोग स्वतंत्र काश्मीर बनाना चाहते हैं और जो लोग स्वतंत्र काश्मीर बनाना चाहते हैं वे संस्थाएं हैं मुस्लिम कांफ्रेंस, पीपुल लीग, महाज-ए-आजादी, इस्लामिक स्टूडेंट्स लीग, इस्लामी जमाएतुल दुखतरान-ए-मिल्लत, जमायत अहले हदीस, जम्मू और काश्मीर तहरीक-ए-निफाज़े, शरीअत-ए-इस्लामी, जमायत-ए-इस्लामी जम्मू-काश्मीर, काश्मीर बाय एसोसिएशन, इस्लामिक स्टडी सर्किल और जो वहां प्रमुख उग्रवादी संगठन हैं उनमें हिजबुल मुजाहिद्दीन, अलउमर मुजाहिद्दीन, अल्लाह टाइगर इख्वान-ए-मुस्लिम। इनके अलावा अल जेहाद आपरेशन, मालाकोट हमजा स्कवाड मिलिट्री कमांडोज़, शहीद जिया टाइगर्ज, अल फतह स्कवाड, सजाद जांबाज़ कमांडो फोर्स, अलमकबूल मुस्लिम कमांडो फोर्स, ये सब आतंकवादी संगठन हैं और अलगाववादी ताकतें हैं। काश्मीर को भारत से अलग कर देना चाहती हैं और स्थिति आज यहां तक पुहंच गई है कि काश्मीर में लिबरेशन फ्रंट के कार्यवाहक अध्यक्ष श्री रज़ा मुज़फ्फर ने 28 मार्च को कहा कि 30 मार्च को वास्तविक नियंत्रण रेखा पार करने का हमारा आखिरी फैसला है और उसे किसी भी परिस्थिति में बदला नहीं जा सकता है। यह बात उन्होंने जब अपने गुप्त ठिकाने पर प्रैस कांफ्रेंस से वायरलैस से दिया प्रैस को तो जे०के०एल०एफ० के प्रमुख अमानुल्ला खान गिरफ्तार हो चुके हैं और रज़ा मुज़फ्फर ने उनकी जगह बागडोर को संभाल लिया है, यह इस समय अंडरग्राउंड है और उन्होंने काश्मीर में गिरफ्तारी का प्रदर्शन करने का आह्वान किया अमानुल्ला खान के विरोध में और वास्तविक नियंत्रण रेखा पार करने के आह्वान से काश्मीरियों में भ्रम पैदा हो रहा है, इससे निर्दोष लोग मारे जायेंगे, काश्मीर का हित कमजोर होगा। वास्तविक नियंत्रण रेखा को पार करने की तमाम कोशिशों को विफल करने के लिए हमारी सरकार दृढ़ प्रतिज्ञ है और स्वतंत्र काश्मीर का नारा काश्मीरियों के खिलाफ है। 97 प्रतिशत लोग भारत के साथ रहना चाहते हैं, लेकिन आतंकवादी ताकतें, जे०के०एल०एफ० जैसी ताकतें, इतने दल हैं, इतने संगठन हैं कि श्रीनगर के हर मोहल्ले में एक संगठन आपको खड़ा मिलेगा और उन्हें एकसूत्र करने का काम हमारी भारतीय जनता पार्टी ने किया। अब इनके दल में वाजपेयी जी जो थोड़ा सोचते समझते हैं देश दुनिया की गतिविधियों के अनुरूप चलने की कोशिश करते हैं और जिनको इन लोगों ने इलिमिनेट कर दिया।

न राज्य सभा का नेता रहने दिया और न लोक सभा का नेता रहने दिया। वाजपेयी जी राष्ट्रीयता से जुड़े हुए हैं। वह कहते हैं धारा-370 रहनी चाहिए। सारनाथ बनारस में जो सम्मेलन हुआ था, आडवाणी जी अड़े हुए हैं कि नहीं हटनी चाहिए।

उपसभाध्यक्ष महोदय, इन्होंने एकता यात्रा का जो स्वांग रचा, कन्या कुमारी से लेकर काश्मीर तक जो सड़कों पर इन्होंने यात्रा की उससे बी०जे०पी० की रही-सही स्थिति इतनी हास्यास्पद और बचकानी साबित हुई कि सारे लोग उस पर आश्चर्यचकित हैं। काश्मीर से जो 77 हजार हिंदू लोग विस्थापित होकर आए हैं, उनके वोट हासिल करने के लिये इन्होंने ये नाटक किया लेकिन उस नाटक का परिणाम क्या रहा? जम्मू से हैलिकाप्टर लिए गए।

**श्री सत्य प्रकाश मालवीय** (उत्तर प्रदेश): हैलिकाप्टर दिए किसने?

**डा० रत्नाकर पाण्डेय:** हमने दिए, इनको डिफ्यूज करना था। ये काश्मीर में अल्पसंख्यकों के साथ कोई मनमानी न करें, उनमें आग लगाकर कत्ले आम न मचाएं इसलिए इनके दल के आग्रह पर हमारी सरकार ने इन्हें वहां सुरक्षित पहुंचा दिया और सुरक्षित वापिस कर दिया। लेकिन वहां 5 आदमी भी नहीं थे जब ये झंडा फहरा रहे थे। ये कश्मीर की धारा 370 की बातें करते हैं जहां कि इनका नामोनिशान नहीं है।

**मौलाना ओबैदुल्ला खान आज़मी** (उत्तर प्रदेश): झंडा पहले से लेकर गए थे?

**डा० रत्नाकर पाण्डेय:** ये तो लेकर गए थे भगवां ध्वज कमल के फूल वाला, लेकिन ये उसको भूल गए रास्ते में ही। ये कमल के फूल वाले चुनाव चिन्ह को लगाकर, दल का झंडा लगाकर देश में एकता यात्रा करना चाहते हैं? आप चाहते क्या हैं? वहां जो झंडा इन्होंने लगाया, उसका परिणाम था कि सारी उग्रवादी ताकतें और सारी अलगाववादी ताकतें एक हुई। उग्रवादियों की बंदूक ने गरजना शुरू कर दिया और तब से लेकर आज तक

[डा॰ रत्नाकर पाण्डेय]

उनका गुस्सा शांत नहीं हुआ है। वे कहते है कि हमें आजादी चाहिए। कुछ कहते हैं कि हम पाकिस्तान के साथ मिलना चाहेंगे। वहां के पुलिस निदेशक के दफ्तर में भीषण बम विस्फोट हुआ और अर्धसैनिक बलों के कई शीर्षस्थ अधिकारियों को घायल कर दिया गया और किस प्रकार सेना के संरक्षण में श्री मुरली मनोहर जोशी की एकता यात्रा का प्रबंध किया गया? वहां सेना की शक्ति से भी लोग नाराज हुए। जब उनकी यात्र शुरू हुई तब से गली-गली, मोहल्ले-मोहल्ले, घर-घर में अल्पसंख्यकों के यहां कश्मीर में तलाशी ली जाने लगी। उपाध्यक्ष महोदय, जिस शरीफ आदमी के घर में तलाशी ली जाएगी, वह क्रोधित होगा कि नहीं? यह सब करने का, यह सब कुचक्र रचने का दायित्व अगर किसी को जाता है तो भारतीय जनता पार्टी को जाता है। वहां जो बम विस्फोट हुए, उससे उग्रवादियों के हौंसले बुलंद हुए और कम-से-कम सौ हमले जोशी जी की रवानगी के बाद निर्दोष लोगों पर और सेना पर हुए। वहां 70 हजार लोग हजरत बल, धर्म स्थल में इकट्ठे हुए और 26 जनवरी के बाद उमड़ी भीड़ ने हमारी सेना का घेराव किया और जो पाकिस्तान में प्रशिक्षण शिविर थे, वहां से इन्हें इतने हथियार बरामद हुए कि उन बरामद हथियारों से सेना की दो ब्रिगेड्स को हथियारबंद किया जा सकता है। उग्रवादियों के भंडार में ये हथियार 20 प्रतिशत थे और प्रशासन अभी तक 4 हजार कल्विनेज, 260 मशीन गंस, एक हजार बारूदी सुरंग लायक बारूद, पंद्रह सौ रिवाल्वर तथा पिस्तौलें तथा दस लाख गोली-बारूद बरामद कर सका है। पाकिस्तान के राष्ट्रपति इसहाक खान, पाकिस्तान के प्रधान मंत्री नवाज शरीफ और सेना के अंतर्विरोधी त्रिकोण से लोग बुरी तरह त्रस्त हैं। इसलिए पाकिस्तान की कोशिश है कि कश्मीर की समस्या को बराबर ज्वलंत रखा जाये और पाकिस्तान की जनता का वास्तविक समस्याओं से ध्यान हटाकर काश्मीर की ओर किया जाये।

कश्मीर में जो आपने बजट दिया है, मैं घोषणा करना चाहता हूं इस सदन में, माननीय उपसभाध्यक्ष जी, आपके माध्यम से, कि हमारी सरकार ने, यहां बैठे हुए हैं असम के मंत्री महोदय, आप भी असम से संबंधित हैं, उल्फा की समस्या जो हल नहीं हो रही थी, उसे वहां डेमोक्रेसी रेस्टोर कर, वहां सरकार बना कर हल किया और उसके बाद अगर उग्रवादियों ने, उल्फा वालों ने सिर उठाया तो उनका सिर कुचलने के लिए मिलटरी कूप किया। आज हम शान्तिपूर्वक वार्ता करने के लिए तैयार हैं। इसी तरह कश्मीर में ...**(व्यवधान)**...

**श्री राम अवधेश सिंह:** उपसभाध्यक्ष महोदय, उल्फा कश्मीर में कैसे घुस गए?

**डा॰ रत्नाकर पाण्डेय:** महोदय, पंजाब में हमने चुनाव कराकर दिखाया। मेरा कहने का आशय है कि उग्रवादी ताकतों से ग्रसित हमारे देश के जो इलाके हैं, जहां डेमोक्रेसी की हत्या हो रही है, जहां उग्रवाद और आतंकवाद सांप की तरह अपना फन फैलाए हुए हैं, उस फन को कुचलने की ताकत हमारी सरकार में है। हमने वादा किया है कि कश्मीर में हम चुनाव करा कर देंगे और हम यह विश्वास करते है कि आगे से मंत्री महोदय विनियोग विधेयक बजट जम्मू-कश्मीर का लेकर यहां नहीं आएंगे बल्कि वहीं पर जो स्टेट गवर्नमेंट होगी वह उस विधेयक को पारित करेगी। इस समस्या को हल करके हम सारी दुनियां को जो उग्रवादी ताकतें हैं उनको दिखाना चाहते हैं कि भारत शान्तिप्रिय देश है। पाकिस्तान या दूसरी बड़ी-बड़ी ताकतें उनको चाहे जो हथियार दे दें, जो भी अफीम, कुकीन या हेरोइन या तस्करी का सोना दे दें, जो हमारे पाकिस्तान — पंजाब के बोर्डर से आते हैं, उनको कितना ही मदद दे दें, लेकिन हम, हमारी सरकार दृढ़ प्रतिज्ञ है कि कश्मीर में चुनाव कराएंगे और वहां शान्ति का वातावरण हम स्थापित करेंगे।

महोदय, लाल चौक पर झंडा फहराने के बाद........

**THE VICE-CHAIRMAN (DR. NAGEN SAIKIA):** Please conclude. I have given you enough time.

**डा॰ रत्नाकर पाण्डेय:** सर, दो मिनट और दे दीजिए आपकी अध्यक्षता में।

**श्री कैलाश नारायण सारंग (मध्य प्रदेश):** हरियाणा के बारे में बोल रहे हैं, वहां कांग्रेस की पार्टी है।

**डा॰ रत्नाकर पाण्डेय:** क्या? ...**(व्यवधान)**... आप जिसमें हैं, वह अच्छी है, जिसमें आप जैसे लोग हैं।

**श्री कैलाश नारायण सारंग:** हम हैं, इसलिए अच्छी है, न? ...**(व्यवधान)**...

**डा॰ रत्नाकर पाण्डेय:** जो बेमौसम बाल रंग करके होली मनाते है बारहों महीने। ...**(व्यवधान)**...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. NAGEN SAIKIA): Dr. Pandey, please continue and conclude within two minutes...*(interruptions)*... Please don't interrupt. Let him complete it.

**डा॰ रत्नाकर पाण्डेय:** बिल्कुल लास्ट, सर। पंजाब से लेकर कश्मीर तक के समर्थक तत्वों को सोचने का मौका दिया जा रहा है। वहां पर जिस तरह से गणतंत्र दिवस के अवसर पर पिछले दो वर्षों में सरकार ने 281 आतंकवादियों को एक-साथ रिहा किया और 43वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर रिहा होने वाले बंदियों के मामलों में समीक्षा की गई। वहां जो कुछ हो रहा है, पाकिस्तान से लौटकर आए हुए जो सूत्र हमें मिल रहे हैं,

उनसे स्पष्ट है कि पाकिस्तान मानने को तैयार नहीं है। मैं आपके माध्यम से इस सरकार से कहना चाहता हूं कि वनस फोर एवर, जब विश्व की बड़ी-बड़ी ताकतें लंदन, अमरीका, आस्ट्रेलिया, बहुत से बड़े-बड़े राष्ट्र, जो इनकी मदद कर रहे हैं, वह सब चाहते हैं कि किसी न किसी तरह कश्मीर की समस्या को उलझा करके भारत के सामने एक सिर दर्द पैदा किया जाए। उस समस्या से मुक्ति का एकमात्र उपाय भारत के पास है कश्मीर में फाइनल वर्डिक्ट भारत सरकार का, कि अगर हमारी सीमाओं में आपने प्रवेश किया या आतंकवादियों, तस्करों, राष्ट्र को तोड़ने वाली ताकतों, वतंत्र कश्मीर की मांग करने वाले लोगों को भेजा तो हम हमेशा के लिए आपसे निपट लेंगे और जरूरत पड़ेगी तो हमारी फौज लाहौर को कूच करेगी और तभी यह समस्या हल होगी। ...(**व्यवधान**)...

**श्री राम अवधेश सिंह:** ऐसा मत बोलिए।...

**डा॰ रत्नाकर पाण्डेय:** हमने बड़ी तेजी से हल किया है, इसलिए बोल रहा हूं। पाकिस्तान को दो टुकड़ों में बांटकर के हमने बांगला देश बनाया इंदिरा गांधी के नेतृत्व में। हमने भूगोल बदला है, इतिहास शासक बदलता है। हमारे में करने की ताकत है इसलिए हम कह रहे हैं कि अगर पाकिस्तान अपना अनैतिक और अनधिकृत प्रवेश नहीं रोकता है भारत में उग्रवादियों के माध्यम से, तो उसके लिए पूरी कड़ाई के साथ भारत सरकार को चेतावनी देनी चाहिए कि हम इस चीज को बर्दाश्त नहीं करेंगे। ...(**व्यवधान**)...

**श्री राम अवधेश सिंह:** यह जो आप बोल रहे है, पूरी पार्टी, सरकार की ओर से बोल रहे हैं क्या? या, अपनी बात बोल रहे हैं। ...(**व्यवधान**)...

**डा॰ रत्नाकर पाण्डेय:** जहां तक कश्मीर से आए हुए 77 हजार विस्थापित हिन्दुओं का प्रश्न है, जो रिफ्यूजीस के रूप में दिल्ली में, जयपुर में, जम्मू में, हर जगह पड़े हुए हैं, उन्हें भिखमंगा न समझा जाए।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. NAGEN SAIKIA): Interruptions are not going on ecord.

**डा॰ रत्नाकर पाण्डेय:** सेना के बल पर उनको पुनःस्थापित किया जाए और वे सुख शांति और निर्भयता के वातावरण के साथ कश्मीर में रह सकें, इस भावना को भी हमें चालू करना होगा।

**उपसभाध्यक्ष (डा॰ नगेन सैकिया):** समाप्त करें। You please conclude.

**डा॰ रत्नाकर पाण्डेय:** देश में साम्प्रदायिकता के नाम पर कश्मीर में और भी उग्रवाद बढ़ाने का काम भारतीय जनता पार्टी के लोग धारा 370 के नाम पर कर रहे हैं, ये धारा 370 का लाल कपड़ा दिखाकर उग्रवाद के सांड को भड़काने का काम कर रहे हैं, उस काम को आप बंद करिए ताकि वहां शांति स्थापित हो जाए। इस पर भी विचार करने का अधिकार वहां की असेम्बली को दिया जाए कि वहां पर धारा 370 रहेगी या नहीं। पालिटिकल मंच पर नहीं, बल्कि कश्मीर की धरती पर धारा 370 का निर्णय होना चाहिए।

इन शब्दों के साथ आपने मुझे जो बोलने का मौका दिया उसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. NAGEN SAIKIA): The time allotted for you is only seven minutes.

**श्री सत्य प्रकाश मालवीय:** उपसभाध्यक्ष जी, जम्मू-कश्मीर विनियोग (लेखानुदान) विधेयक, 1992 और विनियोग विधेयक, 1992 पर मैं अपने विचार रखने के लिए खड़ा हुआ हूं।

जम्मू और कश्मीर भारत का अविभाज्य अंग है, इस पर कोई विवाद नहीं है और जम्मू-कश्मीर को दुनिया की कोई ताकत भारत से अलग नहीं कर सकती, इस पर भी कोई विवाद नहीं है, लेकिन यह दुख का विषय है कि जम्मू और कश्मीर में बहुत दिनों से किसी भी स्तर पर कोई भी लोकतांत्रिक प्रक्रिया या राजनीतिक प्रक्रिया नहीं है। वहां की विधान सभा आज नहीं है। जम्मू-कश्मीर से भारत की लोक सभा में एक भी सदस्य आज नहीं है। पिछले 15 वर्षों से वहां पर पंचायत और नगर पालिका के चुनाव नहीं हुए। सारे देश में जनगणना हुई, उसकी रिपोर्ट भी आ गई, लेकिन हालात की वजह से जम्मू-कश्मीर में जनगणना भी नहीं हो पाई। वहां से 2 अप्रैल के बाद, मैं समझता हूं कि जम्मू-कश्मीर का राज्य सभा से जो प्रतिनिधित्व है, वह भी समाप्त हो रहा है क्योंकि शब्बीर अहमद सलारिया और श्री गुलाम रसूल मट्टू—ये तो आते ही नहीं हैं आतंकवादियों की धमकी के कारण और सलारिया साहब भी रिटायर होने जा रहे हैं। इन परिस्थितियों में यह जरूरी है कि वहां के जो लोग हैं वे यह समझें कि हम भी राष्ट्र की मुख्य धारा से जुड़ गए हैं। दुर्भाग्य से ऐसा हो नहीं पा रहा है।

आज पाकिस्तान, जो अंतर्राष्ट्रीय जगत है, उसमें यह प्रचार करने की कोशिश कर रहा है कि जम्मू-कश्मीर के लोगों को जनमत संग्रह का अधिकार मिलना चाहिए या जम्मू-कश्मीर के मामले में जम्मू-कश्मीर के लोगों को राजनीतिक मौका मिलना चाहिए। अभी हाल ही में 13 मार्च को यूरोपीय देशों की संसद ने एक संकल्प पारित किया जिसमें जम्मू-कश्मीर को आत्मनिर्णय का अधिकार दिए जाने की बात की गई है। भारत सरकार ने इस पर विरोध प्रकट किया है, यह प्रसन्नता का विषय है, लेकिन मैं यह चाहूंगा कि अंतर्राष्ट्रीय जगत में जो भारत सरकार का रूख है इस संबंध में उसमें और तेज़ी से पहल की जानी चाहिए क्योंकि पाकिस्तान, ऐसे देशों से जो भारत के मित्र नहीं है, उनसे नाजायज़ फायदा उठाने की

[श्री सत्य प्रकाश मालवीय]

कोशिश कर रहा है। पहले संसद की तारीख मैं गलत बता गया हूं, उस दिन 13 मार्च नहीं थी। इसी प्रकार तुर्की के भूतपूर्व प्रधान मंत्री की अध्यक्षता में, आज ही उत्तर है मंत्री जी का कि तुर्की के एक मुस्लिम शिष्टमंडल ने संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव से कश्मीर में 13 मार्च को जनमत संग्रह कराने को कहा है। तो मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि भारत सरकार को अंतर्राष्ट्रीय जगत में इस विषय में अपनी जो मशीनरी है, उसको तेज़ करना चाहिए और उसको करने से हमारी क्या स्थिति है, वह बिल्कुल साफ होगी। दूसरे, आज जम्मू-कश्मीर के लोग, जैसा कि मैंने शुरू में निवेदन किया है, वे यही समझ रहे हैं कि हम राज्य की मुख्य धारा में हैं। सरकार ने अभी हाल में एक सलाहकार परिषद् का गठन किया है, वहां के राज्यपाल ने गठन किया है। उसमें कुछ राजनीतिक दल के लोग हैं और मैंने जो जानने की कोशिश की कि उसमें केवल कांग्रेस पार्टी और नेशनल कांफ्रेंस के प्रतिनिधि हैं। दो-तीन दिन पहले श्री कमांडर, जो लोक सभा के माननीय सदस्य हैं, उनको उसमें शामिल किया गया है, अच्छा किया गया है। लेकिन मैं यह जानना चाहूंगा कि और भी जो राष्ट्रीय पार्टियां हैं, उनके प्रतिनिधियों को भी उसमें शामिल करना चाहिए। वहां पर जनता दल का कोई प्रतिनिधि नहीं है। जनता दल एक राष्ट्रीय पार्टी है। लेकिन उसके प्रतिनिधि को वहां नहीं रखा गया है और जनता दल का वहां पर संगठन भी है। इसी तरह से जनता पार्टी, जनता दल समाजवादी, इनका भी वहां पर संगठन है। तो मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि इस प्रकार की सलाहकार परिषद् में आप संकुचित दृष्टिकोण से काम मत करिए, बल्कि जितने भी राजनीतिक दल हैं, उनके प्रतिनिधियों को उसमें आपको शामिल करना चाहिए जिससे वहां की समस्याओं का समाधान करने में लाभ ही होगा।

वहां क्षेत्रीय विषमताएं भी हैं। सड़कें नहीं हैं, रेल की लाईनें नहीं हैं, गरीबी है, आर्थिक पिछड़ापन है और वहां के लोगों का जो व्यवसाय था, जो आमदनी का जरिया-पर्यटन था, वह बिल्कुल समाप्त हो चुका है। तो इसके संबंध में मेरा निवेदन यह है कि 1947 में जिस स्थान को पाकिस्तान ने अधिकृत रूप से कब्जा कर रखा है, वहां के बहुत से शरणार्थी जबर्दस्ती भारत चले आये। आना पड़ा, उनको भागना पड़ा वहां से। उनके परिवार के लोग भी आये हैं। संसद की जो याचिका-समिति-पिटिशन कमेटी, इसने अपनी बासठवीं रिपोर्ट प्रस्तुत की है और उन्हीं के आधार पर मेरी जानकारी है कि वहां के वर्तमान राज्यपाल ने ऐसे लोगों के परिवार के सदस्यों के लिये 112 करोड़ रुपये की केन्द्र सरकार से मांग की है। तो मैं यह जानना चाहूंगा कि अगर यह बात सत्य है और जो लोग पाकिस्तान अनाधिकृत कश्मीर के हिस्से में थे, जो आज आकर के जम्मू में बस गये हैं, उनके लिये वहां के राज्यपाल ने जो 112 करोड़ रुपये की मांग की है, इसको आपको स्वीकार करना चाहिए।

दूसरे, यह जो कश्मीर का हिस्सा है—वैली का हिस्सा, वहां पर पर्यटन बिल्कुल समाप्त हो चुका है। उसके बाहल होने में कुछ समय लगेगा। लेकिन जम्मू में पर्यटन के जो अन्य स्थल हैं, उनका विकास करने के लिये सरकार को सहायता करनी चाहिए। वहां पर एक स्थान है—भद्रवाहा जिसको कि छोटा कश्मीर, मिनी कश्मीर भी कहा जाता है, वह एक अच्छा पर्यटक स्थल बन सकता है और उसके संबंध में भी वहां का जो 1991-92 का बजट था, उसमें पांच करोड़ रुपये का प्रावधान था। लेकिन मेरी जानकारी है कि उसमें से केवल 30 प्रतिशत व्यय हुआ है। इसलिए मेरा निवेदन है कि इस ओर सरकार को ध्यान देना चाहिए। सड़कों के संबंध में एक बुधालगुल रमाहन मार्ग है, जिसका निर्माण कार्य बहुत दिन से चल रहा है, लेकिन पूरा नहीं हो पा रहा है। उसके बहुत से कारण हो सकते हैं। लेकिन इस आवागमन के साधन के पूरा हो जाने से वहां के लोगों को व्यवसाय करने में कुछ सहायता मिल सकती है। इसलिए मेरा सरकार से अनुरोध है कि इस संबंध में इस प्रकार की आर्थिक सहायता दें कि जल्दी ही सड़क का निर्माण कार्य पूरा हो जाये और सड़क का निर्माण कार्य पूरा कराने में और एजेंसी की जरूरत हो तो उन एजेंसीज की इनको सहायता लेनी चाहिए।

तीसरे, अभी बहुत ज्यादा प्रचार किया गया कि जम्मू और कश्मीर में लाल चौक पर इस देश का राष्ट्रीय झंडा फहराया नहीं जाता। मैंने श्री जगमोहन जी जो वहां के राज्यपाल थे और अब इस सदन के माननीय सदस्य हैं, उनकी पुस्तक को पढ़ा है—Frozen Turbulence in Kashmir—और जहां तक मुझे स्मरण है उसमें इस बात की चर्चा की गयी है कि केवल एक बार छोड़कर के बराबर लाल चौक पर इस देश का राष्ट्रीय झंडा फहराया जाता था। तो पहली बात तो यह कि कुछ दल की ओर से यह दुष्प्रचार किया गया कि जम्मू और कश्मीर में लाल चौक पर इस देश का राष्ट्रीय झंडा फहरता नहीं है। उस सिलसिले में एक "एकता-यात्रा" शुरू की गयी। लेकिन मैं जब सोचता हूं कि जिन हालात में 26 जनवरी को वहां राष्ट्रीय झंडा फहराया गया, अगर किसी आजाद देश में इस तरीके से राष्ट्रीय झंडा फहराया जायेगा तो मेरी समझ से यह राष्ट्रीय झंडे का अपमान है। इसलिये कि लाल चौक पर चारों ओर कर्फ्यू का आर्डर लगा हुआ था। एक भी नागरिक वहां उपस्थित नहीं था। चारों ओर वहां पुलिस फोर्स थी और जिस व्यक्ति ने या राजनीतिक नेता ने उस झंडे को फहराया, वह स्वयं एक प्रकार से हिरासत में थे। तो इन

परिस्थितियों में मैं समझता हूं कि इससे देशवासियों को भ्रमित करने की कोशिश की गई है और एक बात मैं और कहना चाहता हूं।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. NAGEN SAIKIA): Please conclude....

**श्री सत्य प्रकाश मालवीय:** मैं खत्म कर रहा हूं सर। वहां पर 21 मई, 1990 को इस्लामिया कालेज के पास मौलवी खारू की शवयात्रा पर गोलीबारी की गई थी। उसमें कुछ व्यक्तियों की मृत्यु हो गई थी और उसके बाद इस घटना की जांच जो इस्लामिया कालेज के पास हुई थी, सीमा सुरक्षा बल और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के महानिरीक्षकों द्वारा संयुक्त रूप से की गई और उसकी रिपोर्ट भी सरकार के पास आ गई है। तो मैं चाहूंगा कि मंत्री जी जब उत्तर दें तो यह बताएं कि इन दो महानिरीक्षकों की रिपोर्ट क्या है और उसके उपरांत क्या कोई न्यायिक जांच भी बिठाई गई है और यदि न्यायिक जांच बिठाई गई है तो न्यायिक जांच की उस पर क्या रिपोर्ट है? इन तथ्यों से कृपया अवगत कराने की कृपा करेंगे।

महोदय, मैं यह कहना चाहता हूं कि किसी भी लोकतांत्रिक देश में जनता द्वारा या जनप्रतिनिधियों द्वारा चुनी हुई सरकार होनी चाहिए, वहां विधानसभा होनी चाहिए और इस ओर शायद सरकार पहल भी कर रही है लेकिन उसके पहले जम्मू कश्मीर के सिलसिले में एक आर्थिक पैकेज और एक राजनीतिक पैकेज की घोषणा सरकार द्वारा की जानी चाहिए क्योंकि पंजाब में जब चुनाव कराए जा रहे थे गत वर्ष तो कांग्रेस पार्टी ने उसका बहिष्कार किया और आदेश दिया कि उनकी ओर से कोई भी व्यक्ति जाकर नामांकन न दाखिल करे और इस बार जब सरकार ने फैसला किया पंजाब विधानसभा के चुनाव कराने का तो जिन लोगों ने इस बार बहिष्कार की घोषणा की, उनको "टाडा" में बंद कर दिया। हम कोई काम करें तो ठीक है, दूसरे करें तो अनुचित है। तो जिन हालात में पंजाब के चुनाव हुए, उन हालात में जम्मू-कश्मीर के चुनाव नहीं होने चाहिए। इसलिए मेरा निवेदन है कि सरकार को जम्मू-कश्मीर के संबंध में अपनी आर्थिक योजना, राजनीतिक योजना और स्पष्ट नीति की घोषणा करनी चाहिए और उसके बाद ही इस संबंध में कोई कार्यवाही करनी चाहिए। धन्यवाद।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. NAGEN SAIKIA): Your time is also very little Mr. Mohd. Khaleelur Rahman. You have just 5 minutes. So, please try to be brief.

**श्री मोहम्मद खलीलुर रहमान (आंध्र प्रदेश):** वाइस चेयरमैन साहब, हिन्दुस्तान की आजादी के बाद 1947 में जब कश्मीरियों के सामने यह सवाल था कि क्या वह अपने आप को हिन्दुस्तान में गम करें या पाकिस्तान से मिले या आजाद रहें तो तमाम कश्मीरियों ने बिना लिहाजे मजहम इल्लत, उमंगों के साथ और ख्वायश के साथ यह फैसला ग्रहण किया कि हम हिन्दुस्तान में मिलेंगे। इससे खुद उनकी नियत का पता चल गया है कि वाकतन जम्मू और काश्मीर ऐसी ताकत है कि रियासते जम्मू और काश्मीर हिन्दुस्तान का एक जुजु लानीफक है। मगर इंतिहाई अफसोस की बात है कि इन 40-45 सालों में यहां पर जो मरकज़ी हुकूमत रही और फिर काश्मीर की जो हुकूमत थी वह सही मायनों में वहां के ऐवाम के साथ और काश्मीरियों के साथ इंसाफ नहीं कर रही है। यह जो मिस-रूल रहा और करोड़ों रुपए रियासते जम्मू काश्मीर के ऐवाम की बहबूदी के लिए यहां से गए मगर वह ऐवाम तक नहीं पहुंच सके और फिर वहां पर रिश्वत का दौर दौरा रहा और वहां पर जितने भी इंतखाबात रहे सही मायनों में वे इंतखाबात ऐवाम की उमंगों का आइनागार नहीं थे और हर इंतखाबात में वहां पर धांधलियां की गई, रिगिंग होती रही और बरायनाम इंतखाबात रहे। तो गोया यह पिछले 40-45 सालों में जो मिस रूल रहा इसमें बदकिस्मती से वाकयात पेश आए इन सब का नतीजा यह है कि आज कश्मीरी ऐवाम में एक किस्म की बेचैनी फैल गई है और वहां का जो मसला है वह लॉ एंड आर्डर का मसला नहीं है ताकि फौज और पुलिस के जरिए उस मसले को हल किया जा सके। वहां की मईशत बिलकुल बरबाद और तबाह होकर रह गई है।

वाइस चेयरमैन साहब आप अच्छी तरह से जानते हैं कि काश्मीरियों को जो मेन सोर्स आफ इनकम था वह टूरिज्म था। आज पिछले 3-4 साल से टूरिज्म बिलकुल तबाह हो गया है और जितने भी इंटरनेशनल टूरिस्ट और हमारे अपने देश के जितने भी टूरिस्ट थे, वे आज बिलकुल काश्मीर नहीं जा सकते। तो आप अंदाजा लगाइए कि वहां से ऐवाम की मईशत का क्या हाल होगा। इससे हट कर के जो दूसरे सोर्स आफ इनकम था वह वहां का ऐग्रिकल्चर था खास तौर पर सेब की जो काश्त होती थी और जाफरान की जो काश्त होती थी वह बिलकुल मुतास्सिर होकर रह गई है। किसी किस्म की कोई सबसिडि वहां के किसानों को सेब उगाने के लिए और जाफरान उगाने के लिए नहीं दी जा रही है। वह तबाह हो गई।

तीसरा जो था वह वहां की दस्तकारी थी, हैंडीक्राफ्ट। जब वहां के हैंडीक्राफ्ट की निकासी ही नहीं होती है तो वहां के हैंडीक्राफ्ट का क्या हाल होगा? तो आप अंदाजा लगाइए कि जब वहां की मईशत बिलकुल तबाह हो गई है तो किस तरह से वहां के ऐवाम इत्मीनान की सांस ले सकते हैं? मगर अफसोस की बात है कि हम सब की तवज्जो वहां के लिए नहीं है, यानि बिलकुल आंख बंद कर ली गई है और वहां के ऐवाम पर जो मसायद ढाए

[श्री मोहम्मद खलीलुर रहमान]

जा रहे है उन मसायद का कोई ख्याल नहीं किया जा रहा है। आज जरूरत इस बात की है कि सबसे पहले वहां की मईशत को दुरुस्त किया जाए । इसके लिए यह जरूरी है कि वहां पर जो ऐहम ऐहम जो ओहदे हैं और करीबी जो ओहदे है उन पर लोकल आदमियों को मामूल किया जाए। आम तौर पर हम यह देख रहे हैं कि हिन्दुस्तान की दीगर रियासतों से ले जा कर वहां के करीबी ओहदों पर बैठाया जा रहा है जिससे खुद एक किस्म की बेचैनी पैदा हो गई है। वहां के जितने भी ऐवामी शरीकात हैं उन ऐवामी शरीकात में वहां के लोकल आदमियों को बिलकुल मुतारिक करना बेहद जरूरी है। कब तक काश्मीर का बजट पार्लियामेंट में आप पास करते रहेंगे? दरअसल यह बजट पास होना चाहिए था काश्मीर ऐसेंबली में। पिछले 3-4 साल से यह बजट पार्लियामेंट में पास हो रहा है और हमेशा यही कहा जा रहा है कि वहां के हालात दुरुस्त हो जाएंगे। मगर अफसोस की बात है कि दिन पर दिन हालात बिगड़ते जा रहे हैं। पता नहीं कब तक इस किस्म की सूरते हाल रहेगी। काश्मीर इंतिहाई सेंसिटिव रियासत है। लिहाजा हमको एक खास तरीके से वहां के मसायल को डील करना चाहिए।

